प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 23.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, पेसा नियमावली के प्रस्ताव पर चर्चा संभव, पेसा को लेकर आज हाईकोर्ट में भी होगी सुनवाई।

2. विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पर विपक्ष के विरोध पर भाजपा हमलावर, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने रांची में कहा– भ्रम और झूठ फैला रही हैं कांग्रेस।

3. नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, चतरा से प्रतिबंधित टीएसपीसी के चार सदस्य हथियारों के साथ गिरफ्तार।

4. रांची समेत राज्य के कई जिले घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में, मौसम विभाग ने जारी किया औरेंज अलर्ट, लोगों को सतर्क रहने की सलाह।

5. 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, अंडर 17 स्पर्द्धा में टीम बनी चैंपियन, अंडर 14 में उपविजेता का खिताब।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। इस बैठक में पेसा नियमावली का प्रस्ताव आने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार पंचायती राज विभाग ने पेसा कानून का ड्राफ्ट कैबिनेट विभाग को भेज दिया है। पेसा नियमावली पर आज झारखंड हाईकोर्ट में भी सुनवाई होनी है। हाईकोर्ट ने पहले ही राज्य सरकार को पेसा नियमावली शीघ्र लागू करने का निर्देश दिया है।

*********************

विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पर विपक्ष के विरोध पर भाजपा हमलावर है। झारखंड दौरे पर आये पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कहा कि यह नया अधिनियम ग्रामीण भारत के ढांचे को मजबूत करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। श्री चुग ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस अधिनियम को लेकर लोगों के बीच भ्रम और झूठ फैला रही है।

*********************

प्रदेश भाजपा की एक सांगठनिक बैठक रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने कहा कि अटल जन्म शताब्दी वर्ष को बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया गया है।

*********************

कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी आज दो दिवसीय दौरे पर धनबाद आयेंगे। वे आज शाम आइआइटी आइएसएम परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ क्रिटिकल–मिनिरल और वर्चुअल साइंस सिम्यूलेटर का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कोयला भवन जायेंगे, जहां वे बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। कल केन्द्रीय मंत्री बेलगड़िया टाउनशिप जायेंगे। यहां वे भूमिगत आग से प्रभावित लोगों के पुनर्वास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण करेंगे। कोयला मंत्री झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण, जेआरडीए की प्रगति की समीक्षा करेंगे और सीआईएसएफ के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा करेंगे।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोहरदगा के गुरुकुल शांति आश्रम का भ्रमण किया। उन्होंने वेदों का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताया और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। श्री सेठ ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए दैनिक भजन–कीर्तन और सांस्कृतिक जागृति पर जोर दिया।

*********************

धनबाद के न्यू टाउन हॉल में सांसद ढुल्लू महतो की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, डीएमएफटी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें 200 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। हालांकि, डीसी आदित्य रंजन ने स्पष्ट किया कि कई महत्वपूर्ण योजनाओं को शामिल किया गया है और जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को जल्द दूर कर लिया जाएगा।

*********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। एसपी सुमित कुमार अग्रवालने बताया कि ये उग्रवादी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम के लिए एकत्रित हुए थे।

*********************

सिमडेगा में झारखंड मिलेट मिशन के तहत लक्ष्य से अधिक नौ हजार तीन सौ बिरासी एकड़ भूमि में मोटे अनाज की सफल खेती हुई है।

*********************

आईआईएम रांची में कल यंग चेंजमेकर प्रोग्राम 4.0 का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में 24 राज्यों के सौ छात्र शामिल हो रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को जमीनी स्तर पर सामाजिक परिवर्तन, नेतृत्व विकास और अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लीडर्स के रूप में तैयार करना है।

*********************

रांची, पलामू, लोहरदगा और हजारीबाग समेत राज्य के कई जिले घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में हैं। कोहरे के कारण दृश्यता में भी भारी कमी आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के कारण चल रही ठंडी हवाओं का असर राज्य में दिखायी पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। घने कोहरे और शीतलहर को लेकर कुछ जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

*********************

रांची की मेजबानी में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु वर्ग की स्पर्द्धा में झारखंड की बालिका टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया है। राज्य की स्वर्णी कुमारी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया है जबकि सोनी कुमारी को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया गया। अंडर 14 प्रतियोगिता में भी झारखंड की बालिका टीम ने उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। दीपिका कुमारी को विमेन ऑफ द मैच और प्रीति तिग्गा को बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार दिया गया।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान के शुभारंभ की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 300 एसटी छात्रों को हर साल मिलेगी मुफ्त आवासीय कोचिंग।

प्रभात खबर ने लिखा है– टेंडर देने के बदले विनय चौबे व सुधीर कुमार ने वसूले करोड़ों।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची 2030 में करेगी महिला हॉकी विश्वकप की मेजबानी।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– कर्रा में आदिवासी कांग्रेस के प्रखंड महासचिव की गोली मारकर हत्या।

*********************